# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से, विशेषकर स्टार्टअप उद्यमों में लगे युवाओं से, गुणवत्ता पर बल देने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में विनिर्मित हर वस्तु की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया।

***हम जो भी मैन्युफैक्चर कर रहे हैं उसकी क्वालिटी को बेहतर बनाने का संकल्प लें। चाहे हमारे टेक्सटाइल हो, टेक्नोलॉजी हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स, इवेन पैकेजिंग। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब ही बन जाए टॉप क्वालिटी। हम संकल्प लें क्वालिटी में ना कोई कमी होगी ना क्वालिटी से कोई समझौता होगा। और मैंने तो लाल किले से कहा था जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट। ऐसा करके ही हम विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे ले जा पाएंगे।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्ष पहले जनवरी दो हजार सोलह में भारत ने स्टार्टअप इंडिया के शुभारंभ के साथ यह महत्वकांक्षी यात्रा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट–अप ईको सिस्टम बन चुका है।

श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी के पुनरूद्धार का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्य जन–भागीदारी की सफलता की अद्‌भुत मिसाल है।

***तमसा नदी को लोगों ने नया जीवन दिया है। तमसा केवल एक नदी नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत की सजीव धारा है। यह नदी कभी इस क्षेत्र के लोगों के जनजीवन की धुरी हुआ करती थी लेकिन प्रदूषण की वजह से इसकी अविरल धारा में रुकावट आने लगी थी। इसके बाद यहां के लोगों ने इसे एक नया जीवन देने का अभियान शुरू किया और सब के प्रयास से नदी का पुनरुद्धार हो गया।***

प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत देश में अब तक दो सौ करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। श्री मोदी ने देश में नई सांस्कृतिक रूझान की चर्चा करते हुए कहा कि भजन और कीर्तन सदियों से भारतीय संस्कृति की आत्मा रहे हैं। आज के युवा ने इस भक्तिभाव को अपने अनुभव और जीवन शैली में शामिल किया है।

**********

आकाशवाणी पर प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को आज प्रदेश भर में सुना गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और कई जनप्रतिनिधियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम में तमसा नदी के पुनरूद्धार का उल्लेख किये जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सतहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा। इसे दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रादेशिक भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण करेगा।

**********

पूरा देश आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। राष्ट्रपति ने निरंतर चुनाव सुधारों के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अधिक महत्वपूर्ण यह भी है कि लोग जिम्मेदारी के साथ अपना कर्तव्य समझकर मतदान करें। उधर, मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मतदाता लोकतंत्र की आत्मा हैं।

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग को मतदाता जागरूकता के सर्वश्रेष्ठ अभियान के लिए इलेक्ट्रॉनिक रेडियो की श्रेणी में वर्ष दो हजार पच्चीस का मीडिया पुरस्कार प्रदान किया गया है। आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन ने आज राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

**********

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। गोरखपुर में मंडलायुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। अयोध्या में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। बस्ती, मऊ, बलिया, चन्दौली, भदोही, अम्बेडकरनगर सहित सभी जिलों में विभिन्न आयोजनों के जरिये लोगों को जागरूक कर मतदाता शपथ दिलायी गयी।

**********